### 6 हजार से अधिक वाहनों के चलान, 23 लाख जुर्माना वसूला

# आड़े तिरछे नंबर वाले वाहनों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

जबलपुर।

जिला पुलिस बल ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने और आड़े तिरछे डिजाईनर और अमानक नंबर प्लेट व बिना नंबर के वाहनों के खिलाफ पिछले 1 हफ्ते से मुहिम छेड़ रखी हैं। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के निर्देश पर यातायात पुलिस व पुलिस थानों के संयुक्त बलों की टीम इस अभियान में लगी हुई हैं। पिछले 1 हफ्ते के दौरान 4 हजार 664 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 23 लाख 32 हजार रुपए का जुर्माना वसूला। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह कार्रवाई शहर व देहात क्षेत्रों में चौराहों, बाजारों, प्रमुख सड़कों और हाईवे पर बनाए गए विशेष चेकिंग प्वाइंट्स में की गई।

### अभियान सिर्फ चलान काटने तक सीमित न रहे

पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि अभियान सिर्फ चालान काटने तक सीमित न रहे, बल्कि जनता को यातायात नियमों के लिए जागरूक भी किया जाए। यह भी बताया गया कि मानक नंबर प्लेट का उपयोग सुरक्षा के लिहाज से भी आवश्यक है साथ ही लोगों को समझाइश दी जाए कि यदि वे स्वयं ही एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) लगवा लें, तो चालानी कार्रवाई की नौबत नहीं आएगी।



### अमानक नंबरों वाले वाहनों से हो रहे अपराध

पुलिस की मानें तो अक्सर अपराधों में उपयोग किए जाने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों में अमानक नंबर प्लेट लगाई जाती हैं या नंबर ही गायब होता है, जिससे वारदात के बाद वाहन की पहचान कर पाना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा कुछ वाहन मालिक महज दिखावे या स्टाइल के लिए फैंसी नंबर प्लेट लगाते हैं, जो नियमों के खिलाफ है।

### क्या है हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट एक यूनिक 7 अंकों का डिजिटल कोड होता है। इस प्लेट को आरटीओ द्वारा अधिकृत एजेंसी ही वाहन पर फिट करती है। यह प्लेट चोरी और दुर्घटना के मामलों में वाहन की पहचान में मदद करती है। प्लेट के साथ टेम्पर प्रूफ क्लिप्स और लेजर कोडिंग होती है, जिससे छेड़छाड़ असंभव है।



# कचरा कलेक्शन करने वाली गाड़ियों में 50 नए सीएनजी टिपर और जुड़ेगें

जबलपुर।

महापौर जगत बहादुर ऋृसह ''अन्नू'' की अध्यक्षता में आयोजित मेयन इन काउंसिल की बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ करने की दिशा में महात्वपूर्ण निर्णय लेते हुए घर–घर से कचरा कलेक्शन करने वाली गाड़ियों के बेड़े में 50 नए सी.एन.जी. टिपर गाड़ियों को और जोड़ने के निर्देश महापौर श्री अन्नू ने अधिकारियों को दिये। महापौर ने निर्देशित किया कि 50 नए सी.एन.जी. टिपर क्रय करने की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाये। इसी प्रकार स्वच्छता के क्षेत्रें में अमूलचूल परिवर्तन लाने महापौर ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए शहर के तीन प्रमुख स्थानों क्रमशः अधारताल, बिलहरी और लेमा गार्डन में लगभग 15 करोड़ रूपये की लागत से नए गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन बनाये जायेगें और इन्हीं स्थानों पर नागरिकों की सुविधा के लिए फायर सब स्टेशन के साथ–साथ व्हीकल यार्ड भी बनाये जायेगें, इसकी स्वीकृति भी मेयर इन काउंसिल की बैठक में प्रदान की गयी।

**महापौर ने क्रय करने अधिकारियों को दिये निर्देश**

मेयर इन काउंसिल की बैठक में महापौर ने यह भी निर्देशित किया कि जितने भी नगर निगम के शासकीय भवन है उन भवनों में 7 दिन के अंदर वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लग जाये, इसके लिए अधिकारियों को महापौर ने सख्त निर्देश दिये हैं। उन्होंने 5 हजार वर्गफुट के ऊपर के भवन स्वामियों को वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए आग्रह पत्र जारी करने अधिकारियों को दिये निर्देश। बैठक में कर्मचारियों के हितों के साथ–साथ 358 पट्टाधारी नागरिकों को भी पी.एम. आवास योजना के अंतर्गत ढाई–ढाई लाख रूपये की भी मिली स्वीकृति। उन्होंने अगले दो माह में 1200 पट्टाधारियों को भी लाभ दिलाने लक्ष्य रखा गया है। बैठक में गंगा सागर तालाब के सौन्दर्यीकरण के लिए फिर से 6 करोड़ का टेण्डर जारी करने की मेयर इन काउंसिल की बैठक में मिली मंजूरी।

## यूको बैंक का ग्राहक मिलन समारोह आज

**जबलपुर।** यूको बैंक जून कार्निवल ग्राहक मिलन समारोह का आयोजन मंगलवार 10 जून को पूर्वाह 10.30 से अपरांह 2 बजे होटल सत्य अशोका में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में बैंक की महाप्रबंधक श्रीमति लकी नायक व अंचल प्रबंधक लोकेश कुमार विशिष्ट ग्राहकों को सम्मानित करेंगे । यह कार्यक्रम एमएसएमई कृषि एवं संसाधन कार्निवल के तीसरे चरण के समापन पर आयोजित किया जा रहा है।

## भंवरताल में स्टैंड नहीं होने से चोरी हो रहे वाहन

**जबलपुर।** शहर के प्रख्यात व्यंग्यकार सीनियर सीटिजन अभिमन्यू जैन की बाईक सोमवार सुबह भंवरताल उद्यान के बाहर से 20 मिनट के अंदर चोर चुराकर ले गये। ओमती पुलिस ने एफआईआर लिखने के बाद सादे कागज में आवेदन लेकर उन्हें टरका दिया। भंवरताल में बड़ी संख्या में सुबह लोग घूमने जाते हैं, यहां पर आए दिन वाहन चोरी की घटनाएं हो रही हैं। जिससे लोगों में भय व्याप्त है। यहां से प्रतिदिन बाईक तो क्या ई रिक्शा और आटो गायब हो रहे हैं। फिर भी पुलिस ध्यान नहीं दे रही है। बताया गया है की अभिमन्यू जैन सोमवार सुबह स्वास्थ्य लाभ के लिये टहलने गये थे। इस दौरान उन्होंने अपनी बाईक क्रमांक एमपी 20-एमक्यू- 9543 बाहर खड़ी की और 15 मिनट के बाद बाहर आए तो बाईक चोरी हो चुकी थी। वो ओमती थाने एफआईआर दर्ज कराने पहुंचे, वहां पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के बजाए सादे कागज पर आवेदन लेकर रवाना कर दिया। अभिमन्यू जैन ने पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुये सुबह के समय भी नगर निगम से वाहन स्टैंड चालू करने की माँग की है।

### सदन की साधारण बैठक आज

**जबलपुर।** नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम की सदन की साधारण बैठक आज दिनांक 10 जून 2025 दिन मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे से नगर निगम परिसर स्थित पं. भवानी प्रसाद तिवारी सभा कक्षम में आयोजित की गयी है। उन्होंने बताया कि सदन की साधारण बैठक में मुआवजा राशि, महापुरूषों के नाम से मार्गो के नामकरण, आउटसोर्स श्रमिकों की समयवृद्धि एवं एक राष्ट्र एक चुनाव जैसे महात्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जायेगी।

# दत्त मंदिर में भक्त निवास का लोकार्पण

### 68वां श्रीदत्त मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा समारोह आयोजित

**जबलपुर।** आंतरिक ऊर्जा को जगाने के लिए गुरु की शरण में जाना चाहिए। वर्तमान परिस्थितियों से गुजरते हुए युवाओं में अवसाद आ रहा है जिससे वे आत्म घातक कदम उठा रहे हैं। बालपन से दैनिक क्रियाकलापों में नियमित भगवत आराधना करनी चाहिए जिससे सांसारिक जीवन में आने वाले कष्टों और अवरोधों से निपटने की आत्म शक्ति जागृत होती है। गुरु आज्ञा से ही श्रीराम ने धनुष भंग किया था इसलिए गुरु के सानिध्य रहना चाहिए। निस्वार्थ भाव से सेवा करना चाहिए। मिथ्या और वैचारिक मतभेद से दूर रहना चाहिए। मानव में मानवता का जागरण आवश्यक है उक्त उद्गार अण्णा साहेब ने दत्त मंदिर गोलबाजार में 68 वें स्थापना महोत्सव में कहे। संस्था के सचिव शरद आठले ने बताया की दत्तात्रय मूर्ति का 68 वां प्राणप्रतिष्ठा समारोह में आयोजित श्री सत्य दत्त पूजा मुख्य यजमान डॉ डी यू पाठक व अन्य 15 दत्त भक्तों द्वारा की गई । धार्मिक संकल्प के साथ नवनिर्मित भक्त निवास का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर रंजना वर्तक ,स्नेहा आठले,मनीषा भावे,विद्या वैद्य,श्रीपाद परांजपे विजय तैलंग,मनोज हर्डीकर का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष विजय भावे द्वारा किया गया। कार्यक्रम का इस अवसर पर डॉ स्वाति सदानंद गोडबोले, डॉ. अर्चना मुठे डॉ. माणिक पान्से, सदानंद गोडबोले, अभय गोरे, विश्वास पाटणकर, मनीष वैद्य, मुरलीधर पाळंदे, डॉ . तनखीवाले ,प्रमोद पाठक , विध्येश भापकर मुख्य रूप से उपस्थित थे. महाआरती तथा प्रसाद वितरण से कार्यक्रम का समापन किया गया.



## अज्ञात वाहन की टक्कर से 1 की मौत , 2 गंभीर

**जबलपुर।** मझौली थानान्तर्गत इंद्राना चौकी क्षेत्र में कल्लू घांटी मोड़ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसमें एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दो घायलों को ईलाज के लिए 108 एम्बुलेंस मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया है। मझौली पुलिस ने बताया कि कल्लू घांटी में एक्सीडेंट होने की सूचना पर पहुंची पुलिस को ग्राम देवर भेड़ाघाट निवासी रौनक कोल ने बताया कि वह इंद्राना की और अपनी बाईक से साथी सागर कोल के साथ सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हो ने जा रहा था। जैसे ही कल्लू घांटी ने ऊपर वाले मोड़ पर पहुंचा तो देखा कि मोड़ में लगी रैलिंग के उस तरफ तीन लोग एक्सीडेंट में घायल होकर पड़े थे। पास जाकर देखा कि उसके गांव के अजयकोल, सावन कोल, जीवित हालत में से वही अरूण गोंटिया की मौके पर ही मौत हो गई थी।



# पगार नहीं मिलने पर ठेकेदार पर भड़के सफाई कर्मी, काम बंद

**जबलपुर।** जोन नंबर 15 के तीन वार्डों के सफाई कर्मियों को दो-दो, तीन-तीन माह से वेतन नहीं मिलने की वजह से सोमवार को काम बंद कर दिया गया है। सफाई नहीं होने से वार्डों सहित जोन कार्यालय के हाल बुरे हैं। सफाई कर्मियों ने लामबंद होकर चेतावनी दी है कि यदि उन्हें वेतन नहीं मिलेगा तो काम नहीं किया जाएगा। सुहागी के वार्ड क्रमांक 72, 75 और 78 में दो-दो माह से सफाई कर्मियों को वेतन नहीं मिला है। उधर, वार्ड क्रमांक 76 और 77 में यही पेमेंट तीन-तीन माह से नहीं मिल रहा है। यह कहना यहां के सफाई कर्मचारियों का है। कर्मचारियों ने सोमवार को दो टूक कहा है कि काम करने के बाद पेमेंट नहीं मिलने से वे परेशान हो चुके हैं। उनके परिवार कर्ज में डूब रहे हैं। जोन कार्यालय सहित ठेकेदार को कई बार कहा गया है लेकिन वे हमेशा पेमेंट देने और दिलवाने के नाम पर आश्वासन देते रहते हैं।

## जून में एक मुश्त मिलेगा तीन माह का खाद्यान्न

**जबलपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिले के सभी पात्र परिवारों को परिवारों को माह जून में जून, जुलाई एवं अगस्त के राशन का वितरण एक मुश्त किया जायेगा। ज्ञात हो कि वर्षा काल के दौरान राशन सामग्री के परिवहन, भंडारण एवं वितरण में आने वाली कठिनाइयों के निराकरण के मद्देनजर राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के सभी पात्र परिवारों को माह जून से लेकर अगस्त माह तक का राशन का एक मुश्त वितरण करने के निर्देश दिए गये हैं। सहायक आपूर्ति नियंत्रक संजय खरे ने बताया कि राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता सरंक्षण संचालनालय के इस निर्देशानुसार जिले के सभी शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालकों को अपनी राशन दुकान के बाहर इस संबंध में फलैक्स अथवा बैनर लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# नोशनल सीनियरिटी को बोर्ड ने किया स्वीकार

जबलपुर।

आयुध निर्माणी खमरिया में आखिरकार नोशनल सीनियरिटी का मामला कोलकाता बोर्ड के निर्देश पर स्वीकार कर लिया गया है । बोर्ड के आदेश से निर्माणी के लगभग 1200 कर्मचारियों को लाभ प्राप्त होगा. कामगार यूनियन के रुपेश पाठक, राजेन्द्र चराडिया, प्रेम लाल सेन, अरुण मिश्रा, सतिन शार्मा, संजय प्रधान, अमित सैनी, रविश रंजन,गोपाल मीना,अमित डहेरिया, तेजमल सोनी ने कोलकाता बोर्ड के इस निर्णय का स्वागत करते हुए अतिशीघ्र प्रक्रिया पूरी करने की मांग की है.

**कामगार यूनियन ने की अतिशीघ्र प्रक्रिया पालन की मांग**

गौरतलब है की प्रमोशन के मामले को लेकर आयुध निर्माण खमरिया के कुछ कर्मचारियों ने वर्ष 2019 में कैट में वाद दायर किया था। इसके बाद यह मामला हाई कोर्ट पहुंचा । जहां प्रमोशन की पूरी प्रक्रिया और वरिष्ठता सूची में रोक लगा दी है थी । इस मामले में खमरिया कामगार यूनियन ने इंटर विन करते हुए स्थगन आदेश को वापस लेने की अपील की थी ।

इस मामले में अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने कामगार यूनियन का पक्ष रखा । न्यायालय ने अक्टूबर 2023 में स्थगन आदेश वापस लेते हुए प्रमोशन प्रारंभ किए जाने की अनुमति प्रदान की । कर्मचारियों का प्रमोशन तो प्रारंभ कर दिया गया लेकिन उन्हें नेशनल सीनियरिटी प्रदान नहीं की गई थी ।

ज्ञात हो कि कामगार यूनियन द्वारा लगातार इस मामला को अलग अलग मीटिंग में तो उठाया ही गया था साथ ही बीपीएमएस के जेसीएम तृतीय सदस्य साधु सिंह ने भी यह मामला जेसीएम तृतीय की बैठक में भी उठाया था । जिस पर बोर्ड ने स्पष्ट दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं ।



# ...तो कांग्रेस कर देगी फ्लाईओवर का लोकार्पण

**जबलपुर।** दमोहनाका से मदन महल तक निर्मित फ्लाईओवर बीते चार माह से तैयार है, लेकिन राजनीतिक श्रेयबाजी की राजनीति में आज तक उसका लोकार्पण नहीं किया गया है। जिसका चौतरफा खामियाजा शहर की जनता भुगत रही है। यदि चार दिन के अंदर इस फ्लाईओवर को शुरु नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी इसका लोकार्पण स्वयं कर देगी। यह बात नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कही।श्री शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने इस संबंध में कलेक्टर जबलपुर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिशा, अयोध्या तिवारी, संतोष दुबे पड़ा, अनुराग जैन गड़वाल, सतेंद्र चौबे, राजेश सोनकर, अतुल बाजपेई, गुड्डू नबी, अनुपम जैन, राजेश यादव, अमर चंद बाबरिया, अख्तर अंसारी, हर्षित यादव, ताहिर अली, कमलेश यादव, अनुभा शर्मा, सलिल चौकसे, सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### देर रात बदमाशों ने दुकान में किया पथराव, शराब की बोतलें फेंकी

# हमले से विजय नगर शराब दुकान मैनेजर कोमा में

जबलपुर।

अंतरर्राजीय बस स्टेंड के समीप स्थित विजय नगर शराब दुकान पर कल रात आठ से दस बदमाशों ने पथराव कर दिया और बीयर की बोतले फेंककर मारी। इस वारदात में दुकान का मैनेजर दिलीप सग्गू गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे दमोहनाका स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद नागपुर रिफर कर दिया गया। विवाद की वजह फ्री की शराब मांगना और अवैध रुप से अहाता चलाना बताया जा रहा है। अचानक हुए हमले में पत्थर और खाली शराब की बोतल मैनेजर के सिर पर लगी है, जिसके चलते शराब दुकान मैनेजर कोमा में चले गए है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही विजय नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और प्रत्यक्षदर्शियों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर आरोपियों की तालाश की जा रही है।

विजय नगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की देर रात विजयनगर शराब दुकान में कुछ लोगों ने उस वक्त हमला किया जब शराब दुकान मैनेजर 50 वर्षीय दिलीप सग्गू दुकान के बाहर खड़े थे। इसी बीच रात दस बजे के लगभग आठ से दस युवक आए और फ्री में शराब मांगने लग। स्टाफ ने कहा कि मैनेजर की अनुमति के बिना शराब नही देंगे, इसके बाद बदमाशों ने दिलीप से शराब मांगी, उसने भी मना कर दिया. मना करने पर बदमाश दुकान से बाहर आए और पथराव शुरु कर दिया. करीब 15 मिनट तक बदमाशों ने पत्थर व शराब की बोतलें फेंककर मारी. एक पत्थर और बोतल दिलीप के सिर में लगा और वह वहीं पर गिर गया। स्टॉफ के लोग उसे तत्काल एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे तब तक वह कोमा में जा चुका था। प्राथमिक उपचार के बाद उसे नागपुर रिफर कर दिया गया। दुकान के कर्मचारी का कहना है कि मदन नामक व्यक्ति अवैध रुप से अहाता चला रहा है. वह आए दिन विवाद भी करता है, कई बाद उसने ग्राहकों के साथ मारपीट तक की है. जिसकी शिकायत थाना में की लेकिन कोई कार्यवाही नही की गई है. घटना की खबर मिलते ही पुलिस पहुंच गई, उस वक्त हमलावर भाग चुके थे. पुलिस ने सीसीटीवी की जांच के बाद आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है, जिन्हे पकडऩे के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है. इस घटना के बाद एक बार फिर शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए है। अवैध शराब बिक्री और अवैध अहातों को लेकर यह दूसरा खूनी संघर्ष है इसके पहले तिलवारा में भी एक वारदात हो चुकी हैं।



### पार्षद के साथ स्थानीय रहवासियों ने की नगर निगम आयुक्त से शिकायत

# शहीद स्मारक पाथवे की टूट रही फेंसिंग

हरिभूमि जबलपुर।



शहर के हृदय स्थल कहे जाने वाले गोलबाजार शहीद स्मारक परिसर में विकसित किए जा रहे वॉकिंग पाथवे की फेंसिंग का कार्य पिछले डेढ़ महीने से बंद पड़े होने के चलते आज क्षेत्रीय रहवासियों ने स्थानीय पार्षद अयोध्या तिवारी के साथ नगर निगम आयुक्त से मुलाकात कर नाराजगी जाहिर की और काम को पुनः प्रारंभ कराने की मांग की। पार्षद तिवारी ने बताया कि गोलबाजार क्षेत्र को स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट के अंतर्गत कनॉट प्लेस की तर्ज पर सुव्यवस्थित व सुंदर बनाने का लक्ष्य था। इसके अंतर्गत स्मार्ट रोड्स, ड्रेनेज सिस्टम, हेरिटेज इलेक्ट्रिक पोल्स और लोगों की सुबह-शाम की वॉकिंग सुविधा के लिए पाथवे निर्माण शामिल था। हालांकि अधिकांश कार्य जैसे कि सड़कें, नालियाँ, और पोल्स पूरे कर दिए गए, लेकिन पाथवे फेंसिंग अधूरी छोड़ दी गई, जिससे यह स्थान अतिक्रमणकारियों का केंद्र बन गया है। पार्षद तिवारी ने बताया कि इस पाथवे पर लोगों ने चाय-पान और नाश्ते के ठेले लगा लिए हैं, जिससे पथ पर पैदल चलना असंभव हो गया है। इस समस्या को लेकर उन्होंने नगर निगम आयुक्त से निरीक्षण कराकर फेंसिंग का प्रस्ताव रखा था, जिसे स्वीकृति भी मिल गई थी और कार्य प्रारंभ हो गया था। परंतु बिना किसी स्पष्ट कारण के काम को बीच में ही रोक दिया गया, जिससे पहले से व्यय की गई राशि भी व्यर्थ होती प्रतीत हो रही है।

इस संदर्भ में स्थानीय नागरिकों के प्रतिनिधिमंडल ने पार्षद अयोध्या तिवारी के नेतृत्व में नगर निगम आयुक्त से मुलाकात की और फेंसिंग का शेष कार्य तत्काल पूरा कराने की मांग की। आयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि फेंसिंग का कार्य शीघ्र ही पुनः प्रारंभ कराया जाएगा। इस प्रतिनिधिमंडल में पार्षद अयोध्या तिवारी के अलावा अमित जैन, नीरज दानपति, दिलीप अवस्थी, जयदीप शाह, कौशिक सरकार, मिताली गाला, एडवोकेट प्रियांकुश जैन, एडवोकेट सुनीश तिवारी, एडवोकेट सचिन जैन, नीलेश जैन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



# मेधावी छात्र अलंकरण समारोह



**जबलपुर।** विद्याभारती सरस्वती शिशु मंदिर/उ. मा. विद्यालय महाकोशल प्रांत के 21 प्रतिभाशाली भैया बहिनों ने प्रदेश की प्रवीण्य सूची में एवं 35 भैया बहिनों ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल की बोर्ड परीक्षा 10वीं 12वीं में जिला की प्रवीण्य सूची में गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त कर विद्याभारती महाकोशल प्रांत के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इन प्रतिभाशाली प्रतिभाओं का सम्मान समारोह सरस्वती शिक्षा परिषद जबलपुर के प्रांगण में जगतगुरू स्वामी नरसिह दास महाराज की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अखिलेश मिश्र क्षेत्रीय संगठन मंत्री, डॉ. राजकुमार आचार्य अध्यक्ष एवं कुलगुरू जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, डॉ. अखिलेश गुमस्ता वरिष्ठ अस्थिरोग विशेषज्ञ, रत्नेश सोनकर नगर अध्यक्ष भारतीय जनतापार्टी जबलपुर मंचासीन रहे।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्रचारक भालचंद रावले, अमित दवे प्रांत संगठन मंत्री, डॉ. सुधीर अग्रवाल प्रांत सचिव, विष्णुकांत ठाकुर कोषाध्यक्ष, जितेन्द्र सिह परिहार क्षेत्रीय मंत्री, ईडी पटेल, आदित्य मिश्रा, विजय आनंद मरावी के साथ प्रांतीय समिति के सदस्य, महाकोशल प्रांत से आए हुए विभिन्न विद्यालयों के भैया बहिन, अभिभावक, प्राचार्य एवं प्रधानाचार्य उपस्थिति रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम की प्रस्तावना शिवानंद सिन्हा एवं संचालन बैकुण्ठ शाह द्वारा किया गया अन्त में आभार प्रदर्शन डॉ. सुधीर अग्रवाल द्वारा किया गया।

# मूंग एवं उड़द की खरीदी शीघ्र प्रारंभ करने सौंपा ज्ञापन



**सिहोरा।** समर्थन मुल्य पर मूंग उड़द की खरीदी शीघ्र प्रारम्भ करने के लिए भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष रमेश पटेल के नेतृत्व में अनेक किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि वर्तमान सत्र 2025 में गर्मी की फसल उड़द / मूंग की कटाई गहाई का कार्य प्रारंभ हो चुका है तथा कुछ उपज मंडियो में पहुंच भी रही है लेकिन भारत सरकार द्वारा जो मूंग की उपज का समर्थन मूल्य 9768 रु.प्रति क्विटल तथा उड़द का 7800 रु.प्रति क्विटल की घोषणा तो की गई है पर शासन ने अभी तक खरीदी की प्रकिया प्रारम्भ नहीं की जिससे किसान चिंतित और आक्रोशित है तथा संपूर्ण प्रदेश में किसान आंदोलित है अतः समर्थन मूल्य पर उड़द एवं मूंग की शीघ्र खरीदी प्रारंभ की जावे एंव कृषि उपज मंडियो में समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर क्रय न की जावे। साथ ही नहरो का शीघ्र मेंटेनेन्स कराने एवं विद्युत लाईनों के मेंटेनेन्स एवं आपूर्ति सुनिश्चित की जावे। इस अवसर पर रमेश पटेल, अनिल पटेल ब्लाक अध्यक्ष, विनय पटेल, प्रमोद ठाकुर, अवसर पटेल, सुरेन्द्र पटेल, बृंदावन पटेल, अरविंद पटेल, बिनोद पटेल, दिलीप पटेल, सरमन पटेल, राजेश पटेल, नारायण पटेल, लक्ष्मी पटेल, चन्द्रजीत पटेल, सीताराम पटेल, भारत पटेल, ओमप्रकाश पटेल, आशीष पटेल, प्रवीण पटेल, सुजीत पटेल, विजय पटेल, मनीष पटेल सहित अनेक किसान उपस्थित थे।

## शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर उठाकर पटका

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत सिंधी कैंप जा रहे एक युवक से एक बदमाश ने शराब पीने के लिए रुपए की मांग की, मांग पूरी न होने पर बदमाश ने युवक के साथ मारपीट कर उसे पटक दिया जिससे उसके गले व कंधे पर चोटे आ गई। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ी मदार टेकरी निवासी 24 वर्षीय कारपेंटर अगम चौधरी गत शाम लगभग 6.30 बजे अपने घर से सिंधी केम्प जा रहा था तभी दीपक चौधरी मिला और उससे शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये की मांग करने लगा, रूपये देने से मना करने पर गाली गलौज व मारपीट कर उसे पटक दिया, जिससे उसके गले व कंधे पर चोटें पहुंचाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू

# पाटन के ग्राम धनेटा, सहसन और बरोदा में हुई कृषक संगोष्ठी



**जबलपुर।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत सोमवार को पाटन विकासखण्ड के ग्राम धनेटा, सहसन और बरोदा में कृषक संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। कृषि के क्षेत्र में सुधार, किसानों को कृषि की आधुनिक तकनीकों की जानकारी देने तथा प्राकृतिक और जैविक खेती को प्रोत्साहित करने चलाये जा रहे इस अभियान के तहत आयोजित इन संगोष्ठियों में बड़ी संख्या में किसानों ने सहभागिता की। कृषक संगोष्ठियों को संबोधित करते हुये अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी ने कहा कि अब बाजार बदल रहे हैं और ग्राहकों की प्राथमिकताएं भी बदल रही हैं, ऐसे में शासन के प्रयास हैं कि किसानों के साथ मिलकर कृषि प्रणालियों में भी बदलाव और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर कृषि को और ज्यादा लाभकारी बनाया जाये। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिये विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिकों की टीम 'लैब टू लैंड' अभियान को आगे बढ़ा रही है।

जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय के वैज्ञानिक डॉक्टर ए के सिंह ने कृषक संगोष्ठियों में कहा कि बीते दशकों में कृषि वैज्ञानिकों ने कई क्षेत्रों में अच्छे शोध किए हैं और बेहतर नतीजे दिए हैं। वहीं दूसरी ओर देश के प्रगतिशील किसानों द्वारा भी अपने प्रयोगों से कृषि क्षेत्र में बड़े बदलाव लाये गये हैं और उत्पादन में वृद्धि हुई है। ऐसे में वैज्ञानिकों के सफल शोध और प्रगतिशील किसानों के सफल प्रयोगों की जानकारी सभी किसानों तक पहुंचना बहुत जरूरी है। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आयोजित की जा रही कृषक संगोष्ठियां इसका सबसे बेहतर माध्यम है।

इस मौके पर बताया गया कि केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में सुधार और विकास को बढ़ावा देने के लिए देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया है। इसके जरिये किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, वैज्ञानिक तरीके से खेती और सतत विकास की दिशा में प्रेरित किया जा रहा है। इससे किसानों को फसल उत्पादन क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी। कृषक संगोष्ठियों में कृषि वैज्ञानिक आर के साहू, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, क्षेत्रिय कृषि विस्तार अधिकारी हरीश बर्वे, उद्यान अधिकारी नेहा श्रीवास्तव, मत्स्य निरीक्षक गोविंदा सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## दूध वाहन बुलेरो की टक्कर से स्कूटी सवार महिला घायल

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत कृषि नगर मोड़ गेट के पास दूध वाहन महिन्द्रा बुलेरो ने एक स्कूटी में टक्कर मार दी, जिसमें सवार एक महिला नीचे गिरकर थोड़ी दूर घसीट गई, जिससे उसके हाथ पैर में चोटें आ गई। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जगदंबा कालोनी चेरीताल विजयनगर निवासी 43 वर्षीय कृषिविवि में एफटीए (किसान काल सेंटर) में पदस्थ श्रीमति शिखा श्रीवास्तव सोमवार की सुबह अपनी स्कूटी प्लेजर क्रमांक एमपी 20 एस एच 405 से डियूटी के लिये कृषि विश्वविद्यालय अधारताल जा रही थी जैसे ही सुबह लगभग 6 बजे कृषि नगर मोड़ गेट के पास अपने कार्यालय जाने के लिये मुड़ी तभी सुहागी तरफ से आ रहा दूध वाहन महिन्द्रा बुलेरो क्रमांक एमपी 20 जीबी 4187 के चालक ने उसकी प्लेजर के हेंडल में वायें तरफ से टक्कर मार दी, जिससे वह गाड़ी सहित गिर गयी और थोड़ी दूर तक रोड़ पर घिसट गयी जिससे उसे हाथ, पैर में चोटें आ गयी। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## बाबा कुरैशी राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि नियुक्त



**सिहोरा।** राज्य सभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने राज्य सभा प्रदेश प्रतिनिधि बब्बू यादव की अनुशंसा एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि अमोल चैरसिया की सहमति से कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बाबा कुरैशी को नगर पालिका सिहोरा का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। वे नगर पालिका की आयोजित समस्त बैठकों में सांसद प्रतिनिधि के तौर पर प्रतिनिधित्व करेंगे। सांसद प्रतिनिधि बनने पर पूर्व विधायक नित्य निरंजन खम्परिया,ब्लॉक अध्यक्ष बिहारी पटेल, सुनील शुक्ला, प्रकाश कुररिया, सुरेन्द्र मिश्रा, राजेश चैबे, प्रदीप पटैल, मंजू मिश्रा, ममता गोंटिया, आलोक पांडे, गणेश दाहिया, रमेश पटेल, रविदीप सिंह बैंस, आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## जैन महिला परिषद के 12 दिवसीय जूडो कराटे शिविर का समापन



**सिहोरा।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद पार्श्वनाथ शाखा सिहोरा के तत्वाधान में आयोजित 12 दिवसीय जूडो कराटे शिविर का समापन झंडा बाजार स्थित जैन मंदिर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात परिषद की प्रज्ञा जैन द्वारा मंगलाचरण एवं सांझ जैन ने नृत्य की प्रस्तुति दी। जूडो कराटे प्रशिक्षण में शामिल सभी बच्चों के साथ प्रशिक्षिका पूजा साहू को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया।आयोजन में जैन समाज के वरिष्ठ माणिकचंद जैन, निर्मलचंद जैन, राकेश जैन, अरूण जैन, सुधीर जैन, अनिल जैन, समाज के अध्यक्ष सन्मति जैन को भी सम्मानित किया गया। संचालन संगीता सिंघई ने किया। इस अवसर पर परिषद की अध्यक्ष जयश्री जैन, रानी जैन, सारिका जैन, आशा जैन, विजया जैन, किरण जैन, निशा जैन, अनिता जैन, संध्या जैन, नीतू सिंघई, अनिता जैन, दीप्ति जैन, प्रज्ञा जैन, अनिता जैन आदि उपस्थित थीं।

### भारत कृषक समाज ने मुख्य मंत्री को भेजा मेल

# समर्थन मूल्य पर मूंग खरीद न करने से रोष

हरिभूमि जबलपुर।

किसानो की ग्रीष्मकालीन फसल मूंग तथा उड़द की कटाई तथा गहाई का कार्य पूर्ण हो गया है। जिन किसानों ने मटर तथा मक्का की फसल, रबी सीजन में लगाई थी, उन किसानों ने ग्रीष्मकालीन मूंग तथा उड़द की फ़सल इस आशा के साथ लगाई है की उनकी उपज विगत वर्षो की भाँती इस वर्ष भी समर्थन मूल्य पर सरकार द्वारा खरीद कर ली जाएगी। परन्तु उसे समर्थन मूल्य से मंडी में 2000 रुपये से लेकर 2500 रुपये तक कम भाव मे बेचने मजबूर होना पड़ रहा है। ज्ञात हो की सरकार ने इस वर्ष मूंग का समर्थन मूल्य 8768 रुपये तय किया है, जबकी मंडी मे भाव औसत भाव लगभग 6200 रुपये है। विगत दिनों कृषि उत्पादन आयुक्त के मूंग न खरीदने के वक्तव्य से किसान सकते में आ गये है। उनमे घबराहट और असंतोष व्याप्त है। वे चिंतित हैं की उन्हे बहुत घाटा उठाना पड़ेगा।

कृषि आयुक्त का यह कथन हास्यास्पद है की, किसानों के द्वारा जहरीली दवाओ के प्रयोग के कारण यह उत्पाद उपभोक्ता के जीवन के लिए घातक होगा, इसलिए सरकार ने इसे न खरीदने का निर्णय लिया है। तो क्या व्यापारियों द्वारा खरीद पर यह उत्पाद उपभोक्ताओ तक नही पहुंचेगा, और व्यापारियों द्वारा उपभोक्ता तक पहुँचाए जाने पर यह मानव जीवन के लिए घातक नही होगा, इसकी क्या गारंटी है ? बिना जाँच के यह कैसे मान लिया गया की किसानों ने जहरीली दवाओ का उपयोग किया है। भारत कृषक समाज, महाकोशल म.प्र. के अध्यक्ष के के अग्रवाल नें मुख्य मंत्री को ई मेल द्वारा भेजे गये पत्र में उक्त बिन्दुओं का उल्लेख करते हुए मुख्य मंत्री से इस एक्ट का परिपालन सुनिश्चित कराने आग्रह किया है। भारत कृषक समाज के जे. आर. गायकवाड़, सुभाष चंद्रा, रामकिसन पटेल, डॉ प्रकाश दुबे, रामगोपाल पटेल, प्रमोद मरवाहा, अविनाश राय, अनिल चिले, सी एल शर्मा, रामेश्वर अवस्थी, सुशील जैन, हारनारायण राजपूत, संजय जैन, मदन पटेल, उमेश, रमेश नवेरिया, योगेश पटेल, पंकज सिंघई किसान सेवा सेना के जितेंद्र देसी, रामदीन पटेल, सुरेश कुर्मी, महेन्द्र कुर्मी, अंकित पटेल, मनीष सोनी, पंचम हल्दकार, मुकेश सिंह, संदीप पटेल आदि ने शासन प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है की मूंग खरीद का निर्णय शासन द्वारा शीघ्र लिया जाये अन्यथा किसान धरना, प्रदर्शन व आंदोलनो के लिए मजबूर होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन - प्रशासन की होगी।

## फोन पर पिता को दी मारने की धमकी, बेटे पर किया चाकू से जानलेवा हमला

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत संजयनगर यादव कालोनी में चार बदमाशों ने एक युवक को फोन पर पिता को मारने की धमकी देते हुए युवक पर चाकू व ईट से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार संजयनगर यादव कालोनी निवासी 21 वर्षीय आयुष अग्रवाल के फोन पर पड़ोसी मोहित साहू ने धमकी देते हुए पिता को मारने की धमकी दी थी तो आयुष अपने दोस्त अनुज, बिट्टू और सूरज के साथ पड़ोसी मोहित के घर गया और उसकी बहन से शिकायत की। मोहित की बहन ने फोन करके मोहित साहू को बताया तो थोड़ी देर में मोहित साहू अपने साथी शुभम पटैल, गौरव एवं शिवम के साथ आया और उसके साथ गाली गलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर मोहित साहू, गौरव, शिवम ने उसे पकड़ लिया तथा शुभम पटैल ने जान से मारने की नियत से उसके पेट व पैर पर चाकू से और मोहित साहू ने ईंट से सिर पर हमलकार चोट पहुंचा दी। वहीं गौरव तथा शिवम ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 109, 115(2), 3(5) बीएनएसका अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## गेंगरीन बीमारी से परेशान वृद्ध ने लगाई फांसी

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत ग्राम गोपालपुर में गेंगरीन बीमारी से परेशान एक वृद्ध ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गोपालपुर निवासी 65 वर्षीय आनंदी लाल यादव गेंगरीन बीमारी से परेशान थे जिनका इलाज रायल हॉस्पिटल में चल रहा था और आराम नहीं लग रहा था। देर रात लगभग 3 बजे उनके बेटे अनिल यादव ने देखा कि पिता आनंदी लाल हॉल में बैठकर अपने पैर की स्वयं ड्रेसिंग कर रहे थे। सुबह लगभग 4.30 बजे उठकर देखा तो उसके पिता आनंदी लाल ने मुख्य दरवाजे की चौखट पर गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।




**श्रीमती शांति बाई कर्नाड-** शिलाकुंज कॉलोनी रामपुर निवासी श्री जयंत राव कर्नाड की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई कर्नाड (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री देवेंद्र सिंह गंडोक-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री देवेंद्र सिंह गंडोक (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती जमना बाई-** संजय गांधी नगर सदर केंट निवासी श्री बलराम की धर्मपत्नी श्रीमती जमना बाई (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती फुल्ली बाई कोरी-** तुलसी मोहल्ला बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री मुरारी लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती फुल्ली बाई कोरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राजम पिल्लई-** मैत्री नगर महाराजपुर निवासी श्री रामकृष्णन जनार्दन पिल्लई की धर्मपत्नी श्रीमती राजम पिल्लई (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीना चौधरी-** दमोहनाका प्रताप धर्मकांटा के पास निवासी श्री दीना चौधरी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री घनश्याम केवट-** लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री घनश्याम केवट (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमन ग्रांवकर-** प्रेमसागर निवासी श्री रमन ग्रांवकर (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संतोष चौधरी-** गुलौआ चौक के पास गढ़ा निवासी श्री विष्णु चौधरी के पुत्र श्री संतोष चौधरी (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरिवंश प्रसाद गुप्ता-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री हरिवंश प्रसाद गुप्ता (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शकुंतला मन्नेवार-** समीक्षा टाउन जेठी अस्पताल के पास कांचघर निवासी श्री ईश्वर दास मन्नेवार की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला मन्नेवार (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राजकुमारी सोनकर-** भानतलैया दंगल मैदान के पास निवासी श्री कोमल चंद सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी सोनकर (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शंकर बाई केसरवानी-** गढ़ाफाटक बड़ी महाकाली के पास निवासी श्री सूरज लाल केसरवानी की धर्मपत्नी श्रीमती शंकर बाई केसरवानी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरस्वती देवी राजपूत-** छोटी ओमती निवासी श्री दिगम्बर सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती देवी राजपूत (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कौशल्या देवी-** केसरी नगर मानेगांव रांझी निवासी श्री बिजली की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जीतेंद्र कुमार धरम-** सुमन नगर रिछाई निवासी श्री बाबूलाल धरम के पुत्र श्री जीतेंद्र कुमार धरम (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री विनोद कुमार दुबे-** मौलाना गली तमरहाई निवासी श्री विनोद कुमार दुबे (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मोहनी देवी रामरखवानी-** बोस कॉलोनी रामपुर निवासी श्री राजलदास रामरखवानी की धर्मपत्नी श्रीमती मोहनी देवी रामरखवानी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
रंगीन 400/-
रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग



# देश के आधा दर्जन राज्यों में बढ़ेगा तापमान, राजस्थान में 'हीटवेव' का ऑरेंज अलर्ट, धूलभरी आंधी भी चलेगी


## श्रीगंगानगर सबसे ज्यादा गर्म... 47.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश का उत्तर पश्चिमी इलाका इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में हैं। मौसम विभाग ने सोमवार को राजस्थान में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य का श्रीगंगानगर रविवार को देश में सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां 47.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक 11 जून तक बीकानेर संभाग में पारा 47 डिग्री तक पहुंच सकता है। इस बीच 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी हवाएं चल सकती हैं। दिल्ली और यूपी-बिहार राजस्थान सहित कई राज्यों में तापमान 40 से ऊपर पहुंच गया है।

**1901** के बाद पहली बार मई में 100.9 एमएम सर्वाधिक बारिश हुई

दिल्ली, यूपी, बिहार, राजस्थान सहित कई राज्यों में तापमान 40 के पार हुआ



### अगले कई दिनों तक इससे राहत नहीं मिलने की संभावना

इसके अलावा पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भी तापमान बढ़ सकता है। उत्तर भारत के राज्यों में गर्मी से लोग परेशान हैं। मौसम विभाग ने अगले कई दिनों तक इससे राहत नहीं मिलने की बात कही है। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई जिलों में लू का प्रकोप देखने को मिल सकता है। करीब एक सप्ताह तक इन राज्यों में इसी तरह की गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। राजधानी दिल्ली और एनसीआर में कई दिनों तक चली बारिश के बाद यहां भी गर्मी का प्रकोप शुरू हो गया है। दिल्ली-एनसीआर में तेज धूप की वजह से हर दिन तापमान बढ़ता जा रहा है।



**आज और कल के मौसम का हाल**

**10 जून**
राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में हीटवेव का अलर्ट है। लू चल सकती है। केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, असम, मेघालय, अरुणाचल में भारी बारिश हो सकती है।

**11 जून**
राजस्थान,पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में हीटवेव का अलर्ट है। असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, केरल, तमिलनाडु, आंध्र में भारी बारिश हो सकती है।

### नई में सबसे ज्यादा हुई बारिश

भारत मौसम विभाग ने बताया कि जब से बारिश का रिकॉर्ड रखा जा रहा है (साल 1901) तब से अब तक सबसे ज्यादा बारिश इस साल मई में हुई है। इस साल देश में औसतन 126.7 एमएम बारिश हुई। यह लंबे समय के औसत (एलपीए) 61.4 एमएम से 106% ज्यादा है। आईएमडी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, मई 2025 में मध्य भारत में 100.9 एमएम बारिश हुई, जो 1901 के बाद सबसे ज्यादा है।

**कहां तक पहुंचा मानसून?**
केरल में इस साल समय से पहले मानसून ने दस्तक दे दी है। अभी तक मानसून का असर दक्षिण भारत के राज्यों तक ही देखने को मिल रहा है। उत्तर भारत की बात करें तो आने वाले कई दिनों तक गर्मी से राहत के संकेत नहीं दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग की हत्या के आरोप में 7 गिरफ्तार



**बेंगलुरू।** बेंगलुरू के बाहरी इलाके में एक 17 साल की नाबालिग लड़की का शव सूटकेस से बरामद हुआ था। अब उस मामले में पुलिस ने सोमवार को सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आशिक कुमार नामक व्यक्ति के प्यार में पड़कर बिहार से बेंगलुरू पहुंची थी, जो पहले से ही शादीशुदा है।

### त्रिलोकपुरी मेट्रो स्टेशन पर लगी आग




**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन के त्रिलोकपुरी मेट्रो स्टेशन पर उस समय अफरातफरी मच गई जब यहां के एक कमरे में आग लग गई और धुएं का गुबार निकलने लगा। इसके चलते पिंक लाइन पर कुछ समय के लिए सेवा बाधित हो गई। डीएमआरसी के मुताबिक, धुआं निकलने पर सिग्नलिंग सिस्टम में गड़बड़ी उत्पन्न हुई।

### गुजरात हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी




**अहमदाबाद।** गुजरात हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरे एक ईमेल से हड़कंप मच गया है। घटना सोमवार को सामने आई जब कोर्ट प्रशासन को एक अज्ञात स्रोत से आधिकारिक आइडी पर धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। जैसे ही इस ईमेल की जानकारी मिली, पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं।

### बेंगलुरू भगदड़ मामले की 12 को होगी सुनवाई



**बेंगलुरू।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ चिन्नास्वामी स्टेडियम में भगदड़ को लेकर दर्ज आपराधिक मामला रद्द करने पर सुनवाई 12 जून को होगी। फ्रेंचाइजी ने सोमवार को कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका लगाते हुए कहा था कि उसे इस मामले में झूठा फंसाया गया है।

### नड्डा ने गिनाईं मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां

# पीएम मोदी ने बदली राजनीति की संस्कृति, धारा 370 और नोटबंदी जैसे कई 'कड़े फैसले' लिए




> भाजपा अध्यक्ष ने कहा- नोटबंदी के दौरान विपक्षी पार्टियां जनता को भड़का रही थीं, लेकिन लोग सरकार के सपोर्ट में लाइनों में लगे थे। लोगों को मोदी की लीडरशिप पर भरोसा था।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए सरकार ने अपने 11 साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस अवस पर नड्डा ने कहा कि पिछले 11 सालों में हम 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मंत्र को लेकर आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि इन 11 सालों में पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने भारत की राजनीति की संस्कृति को बदल दिया है। नड्डा ने कहा कि देश में 11 साल पहले, तुष्टिकरण व समाज को खंडित करके अपनी कुर्सी को सुरक्षित रखना राजनीतिक संस्कृति का तरीका बन गया था। लेकिन 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली जिम्मेदार व जवाबदेह सरकार आई है, उसने रिपोर्ट कार्ड की राजनीति शुरू की। हम जो काम कर रहे हैं, उसे जनता के सामने रखें। इस तरह से पिछले 11 सालों में मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने भारत की राजनीति की संस्कृति को बदला है। उन्होंने कहा कि इन 11 सालों में हम 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मंत्र को लेकर आगे बढ़े हैं।

**देश के गरीबों पर केंद्र सरकार ने किया फोकस**

सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास हो रहा सफल




**370 हटाई मोदी है तो मुमकिन है**

उन्होंने कहा कि देश मान चुका था कि ये संभव नहीं है, लेकिन मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया। इसका परिणाम यह हुआ कि लोकसभा चुनाव में वहां वोट टर्नआउट 58.46 फीसदी रहा तो जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में टर्नआउट 63 फीसदी रहा। उन्होंने कहा कि ये बदलाव, मोदी सरकार की बोल्ड फैसले लेने की वजह से आया है। इसलिए लोगों ने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है।

### सभी वर्गों की चिंता से मिली कामयाबी

उन्होंने कहा कि पिछले दशक में हमने एससी-एसटी और ओबीसी समेत समाज के सभी वर्गों की चिंता की है। इस दौरान महिलाओं को पायलट बनाने से लेकर आर्मी में कमीशन देने तक, सैनिक स्कूलों में दाखिले से लेकर एनडीए में भर्ती तक, लखपति दीदी से लेकर स्वयं सहायता समूहों जोड़कर मुख्यधारा से जोड़ा।

### 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए

नड्डा ने कहा,हम गरीबी हटाओ का नारा लेकर नहीं चले हैं, हमने गरीब कल्याण करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि आंकड़े इस बात का सबूत हैं। देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। इसी तरीके से अति गरीबी में 80 प्रतिशत की कमी आई है।

### 3.9 लाख करोड़ रुपए के लीकेज को रोका

उन्होंने कहा कि लाभार्थियों के खाते में सीधे पैसे भेजने (डीबीटी ट्रांजैक्शन) में करीब 130 गुना की बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जनधन बैंक खातों, आधार कार्ड और मोबाइल के गठजोड़ ने 3.9 लाख करोड़ रुपए की लीकेज को रोका है।



### पीएम मोदी के 5 बड़े फैसले

1. **करप्शन पर जीरो टॉलरेंस :** यह एक पारदर्शी और भविष्य की सोच वाली सरकार है। 2014 के बाद माहौल पूरी तरह बदल गया।
2. **इकोनॉमी:** भारत दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं में 10वें से 5वें नंबर पर पहुंच गया है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना है।
3. **चुनाव में गड़बड़ी रुकी:** विपक्ष को चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाने से पहले सोचना चाहिए। जब आप हिमाचल, पंजाब में जीतते हो तो सब ठीक है। जहां हारते हो, वहां धांधलेबाजी का आरोप लगाते हो।
4. **नोटबंदी :** नोटबंदी के दौरान विपक्षी पार्टियां फायदा उठाने के लिए जनता को उकसा रही थीं, लेकिन भारत का आम आदमी बैंक के सामने घंटों खड़ा रहा और मोदी सरकार के फैसले का समर्थन किया।
5. **ऑपेरशन सिंदूर:** जब राहुल गांधी ऑल पार्टी मीटिंग में जाते हैं, तो कहते हैं कि देश के साथ खड़े हैं। बाहर निकलने पर सवाल उठाने लगते हैं। ऐसे सवाल जो पूरी तरह से निराधार हैं।

### राहुल गांधी का केंद्र पर नया हमला

- राहुल गांधी ने ठाणे की घटना पर कहा कि लोग ट्रेन से गिरकर मर रहे हैं



## वर्तमान के बारे में बात करना छोड़ अब 2047 के सपने बेच रही सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के 11 सालों में कोई जवाबदेही नहीं रही, सिर्फ प्रचार हुआ है। उन्होंने कहा कि अब केंद्र ने वर्तमान की बात करना बंद कर दिया है और 2047 के सपने दिखा रही है। कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी महाराष्ट्र के ठाणे जिले में चलती लोकल ट्रेन से गिरकर कम से कम चार यात्रियों की मौत के बाद आई है, जिसमें भीड़भाड़ के चलते छह लोग गिरकर घायल भी हो गए। राहुल ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, जब मोदी सरकार अपने 11 साल के 'सेवा काल' का जश्न मना रही है, तब देश की सच्चाई मुंबई से आ रही एक दुखद खबर में दिख रही है- कई लोग ट्रेन से गिरकर मर गए।

### असुरक्षा, भीड़भाड़ और अराजकता का प्रतीक

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भारतीय रेल करोड़ों लोगों के जीवन की रीढ़ है, लेकिन आज यह असुरक्षा, भीड़भाड़ और अराजकता का प्रतीक बन गई है। उन्होंने लिखा, मोदी सरकार के 11 साल- ना कोई जवाबदेही, ना कोई सुधार, सिर्फ प्रचार। सरकार ने 2025 की बात करना बंद कर दिया है और अब 2047 के सपने बेच रही है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि आज देश जिन मुश्किल हालातों से गुजर रहा है, उनकी जिम्मेदारी कौन लेगा? राहुल गांधी ने हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

### डीएमके सांसद ए.राजा का हमला

## ये दिल्ली या महाराष्ट्र नहीं हम मोदी-शाह से नहीं डरते

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



डीएमके के वरिष्ठ नेता ए राजा ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जैसे आम लोगों से नहीं डरती और उनके पास भाजपा के विपरीत विचारधारा है, जो यह सुनिश्चित करेगी कि भगवा पार्टी तमिलनाडु में पैर न जमा पाए। रविवार को मदुरै में अमित शाह द्वारा सत्तारूढ़ डीएमके की आलोचना के जवाब में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजा ने दावा किया कि विभिन्न मुद्दों पर भाजपा के दिग्गज नेता की टिप्पणियां सरासर झूठ, घृणित और विभाजनकारी हैं।

सांसद ने जोर देकर कहा कि भाजपा तमिलनाडु में पैर नहीं जमा सकती, यहां साल विधानसभा चुनाव होने हैं, दिल्ली या महाराष्ट्र के विपरीत, क्योंकि द्रविड़ विचारधारा भगवा विचारधारा का प्रतिकार है। उन्होंने द्रविड़ दर्शन का हवाला देते हुए कहा, केजरीवाल सत्ता भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आए।

### भारत में बढ़ रहे हैं नए वैरिएंट के मामले

## देश में कोरोना के एक्टिव मामले 64,00 से ज्यादा, नए एक्सएफजी वैरिएंट के 163 केस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**तेजी से फैलता है पर ज्यादा खतरनाक नहीं है नया वैरिएंट**



बीते करीब 20 दिनों से देश में कोरोना की एक नई लहर देखी जा रही है। हर दिन के साथ संक्रमण के मामलों में इजाफा हो रहा है। 22 मई को जहां कुल एक्टिव मामले 257 थे, वो सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के कोविड डैशबोर्ड पर साझा किए गए रिपोर्ट के अनुसार बढ़कर 6491 हो गए हैं। पिछले 24 घंटे में ही संक्रमण के 358 नए मामले सामने आए हैं, वहीं 624 लोग संक्रमण से ठीक हो चुके हैं। देश में मुख्यरूप से ओमिक्रॉन और इसके सब-वैरिएंट्स एनबी.1.8.1 को प्रमुख माना जा रहा है। इसके अलावा कई स्थानों पर एक्सएफजी वैरिएंट के भी केस रिपोर्ट किए जा रहे हैं। हालिया आंकड़ों के मुताबिक देश में नए उभरते कोविड-19 वैरिएंट एक्सएफजी के अब तक 163 मामले पाए गए हैं।

### मई में 159 केस आए

इससे पहले मई में इस वैरिएंट के कुल 159 केस सामने आए थे, जबकि अप्रैल में दो केस देखे गए थे। अब तक जून में भी दो सैंपल में इस वैरिएंट की पुष्टि की गई है। सोमवार को जारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में सक्रिय कोविड मामलों की संख्या करीब 6500 होने वाली है, जिसे देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को सतर्क रहने और कोरोना से बचाव को लेकर गंभीरता से ध्यान देने की सलाह दे रहे हैं।

### कब पूरी होगी जांच, उठ रहे बड़े सवाल

## चारधाम यात्रा में 40 दिन में 4 हेलीकॉप्टर हादसे, 6 की मौत

एजेंसी ▶▶ देहरादून



चार धाम यात्रा चल रही है। इस बीच हेलीकॉप्टर सेवा का भी जमकर प्रयोग हो रहा है। लेकिन 40 दिन के भीतर ही चार हादसे हो गए हैं। उत्तरकाशी के गंगनानी में हुए हादसे में पांच लोगों ने जान गंवाई। सबसे ज्यादा केदारनाथ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर की डिमांड है। बीते 40 दिनों में अब केदारनाथ में दो, उत्तरकाशी में गंगोत्री जाते एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना और बदरीनाथ के पास उड़ान भरते समय एक हेलिकॉप्टर अनियंत्रित होने की घटना हो चुकी है। आठ मई को उत्तरकाशी जिले के गंगनानी में हेलिकॉप्टर हादसे में पायलट समेत छह लोगों की मौत हुई थी, जबकि अन्य घटना में हेलिकॉप्टर सवार सुरक्षित रहे। बीते दिनों केदारनाथ में हुए दो हादसों में एक हेलीकॉप्टर उड़ान भरते ही सीधे सड़क पर पहुंच गया। बड़ा हादसा टल गया। ऐसे ही केदारनाथ आ रहा एम्स का हेली एम्बुलेंस का भी पिछला हिस्सा टूट गया और बड़ा हादसा टल गया।

### बेंगलुरु से हत्या की दो घटनाएं सामने आई

## इंजीनियर ने प्रेमिका को 17 बार चाकू मारा, उधर पत्नी का कटा सिर लेकर थाने पहुंचा पति

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



बेंगलुरु से हत्या की दो घटनाएं सामने आई हैं। टेक इंजीनियर यशस (25 साल) ने अपनी प्रेमिका हरिनी (33 साल) की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना 6-7 जून की रात पूर्णा प्रजना लेआउट के ओयो होटल के कमरे में हुई। दोनों एक-दूसरे को एक महीने से जानते थे। डीसीपी साउथ लोकेश बी जगलासर ने बताया कि महिला आरोपी से रिश्ता खत्म करना चाहती थी और दूरी बना रही थी। इसी बात से गुस्साए आरोपी यशस ने उस पर चाकू से 17 बार हमला किया। इससे उसकी मौत हो गई। मृतक हरिनी के 2 बच्चे भी थे। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस जांच कर रही है। वहीं, बेंगलुरु के अनेकल इलाके से हत्या का एक दूसरा मामला सामने आया है।

### अवैध संबंधों का था शक

यहां 28 साल के शंकर ने अपनी पत्नी मानसा (26 साल) का सर काटकर हत्या कर दी। इसके बाद थाना जाकर सरेंडर कर दिया। पुलिस के मुताबिक, शंकर को पत्नी के अवैध संबंधों के बारे में पता चल गया था। पति ने पत्नी को दूसरे शख्स के साथ देख लिया था पुलिस ने अनेकल की घटना के बारे में बताया कि शंकर और मानसा कुछ समय पहले से हीललिगे गांव में किराए के मकान में रह रहे थे। 3 जून की रात को शंकर काम पर चला गया और मानसा को बताया कि वह अगली सुबह वापस आएगा। हालांकि, वह रात को ही अचानक वापस लौट आया। उसने देखा कि पत्नी घर में किसी और शख्स के साथ है। इसको लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ। कुछ समय बाद पत्नी घर छोड़कर चली गई। इसके बाद से ही दोनों के बीच में झगड़े बढ़ते गए। गुस्से में आकर शुक्रवार को शंकर ने पत्नी का सिर काट दिया। इसके बाद कटे हुए सिर को लेकर खुद सूर्यनगर पुलिस थाना पहुंचा और सरेंडर कर दिया।

**हर दिन बन रहे हैं 15 से ज्यादा नए ट्रेन कोच**

### मोदी सरकार ने 11 साल में हासिल की कई उपलब्धियां

## भारत की विकास गति को लगे नए पंख, हर दिन बन रहे हैं 4 से ज्यादा नए 'लोकोमोटिव'


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे की लोकोमोटिव निर्माण इकाइयों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान विभिन्न श्रेणियों में 1,681 लोकोमोटिव का उत्पादन करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्पादित 1,472 लोकोमोटिव की तुलना में 209 लोकोमोटिव या 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। आधिकारिक बयान के अनुसार, देश में हर दिन 4 से ज़्यादा नए लोकोमोटिव बन रहे हैं। रेल मंत्रालय के इस वर्ष के अप्रैल माह में जारी एक बयान मुताबिक, भारत रेलवे लोकोमोटिव निर्माण में ग्लोबल लीडर के रूप में सामने आया है, जिसने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1,681 लोकोमोटिव का रिकॉर्ड उत्पादन किया है। यह रिकॉर्ड-तोड़ उत्पादन देश में लोकोमोटिव निर्माण के लिए अब तक का सबसे अधिक उत्पादन है, जो रेलवे के बुनियादी ढांचे और क्षमता को बढ़ाने में सभी इकाइयों की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को दर्शाता है।यह उपलब्धि संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोप, दक्षिणी अमेरिका, अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया जैसे क्षेत्रों के कुल लोकोमोटिव उत्पादन को पार कर गई है, जो वैश्विक रेलवे क्षेत्र में भारत के बढ़ते प्रभुत्व की पुष्टि करता है।

### हर हफ्ते जुड़ रहे हैं 98 किमी नए रेलवे ट्रैक

#### 4,695 लोकोमोटिव का उत्पादन किया

मंत्रालय ने बताया कि लोकोमोटिव उत्पादन में निरंतर वृद्धि मेक इन इंडिया पहल को मजबूत करने के लिए लिए गए रणनीतिक निर्णयों का प्रत्यक्ष परिणाम है। वर्ष 2004 से 2014 के बीच भारत ने कुल 4,695 लोकोमोटिव का उत्पादन किया, जबकि राष्ट्रीय वार्षिक औसत 470 रहा। इसके विपरीत, 2014 से 2024 तक, लोकोमोटिव निर्माण में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जिसमें 9,168 लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ, जिससे वार्षिक औसत लगभग 917 हो गया।



#### 1,681 इंजनों का रिकॉर्ड उत्पादन हासिल किया

वर्ष 2024-25 में रेलवे ने 1,681 इंजनों का रिकॉर्ड उत्पादन हासिल किया। चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स ने 700 इंजनों बनारस लोकोमोटिव वर्क्स ने 477,पटियाला लोकोमोटिव वर्क्स ने 304 इंजनों का उत्पादन किया। मधेपुरा और मढ़ौरा में 100-100 इंजनों बनाए गए।

# आदिवासी समाज बिरसा मुंडा की विरासत आगे ले जाएगाः कौशल्या गोटियां

## शहादत दिवस पर आदिवासी शबरी महासंघ ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

जबलपुर।

अखिल भारतीय आदिवासी शबरी महासंघ के तत्वाधान में पूर्व मंत्री सुश्री कौशल्या गोटियां के नेतृत्व मे बिरसा मुंडा चौक आधारताल में अमर शहीद बिरसा मुंडा की पुण्य तिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री कौशल्या गोटियाँ ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया संबोधित करते हुए बिरसा मुंडा के द्वारा जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए किए गए संघर्ष को याद किया। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में हमें अपना बचाव, अपनी सुरक्षा खुद ही करनी होगी। इसके लिए आदिवासी समाज जो जहां हैं वहीं से अपने आप को मजबूत करे। क्योंकि सरकार का जंगलराज आदिवासियों के आस्तित्व पर सवाल और संकट खड़े कर दिए है। 1857 के पूर्व से शुरू हुआ हमारा आंदोलन आज भी यथावत है, अब तो ये आंदोलन और तेज करने होंगे। आदिवासियों की जमीनों को तो अपने बाप की जमीन समझ के कब्जा कर लेते है, पर अब नहीं,अब लड़ाई होगी आर पार की



हिंदुस्तान का आदिवासी शेर है , शरीर से भी, दिमाग से भी अब आदिवासी नव जवान शिक्षित हो चुका हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से सवाल किया है कि प्रत्येक आदिवासी परिवार के जाति प्रमाण पत्र कब बनेंगे, बिरसा मुंडा पुरुस्कार कब शुरू किया जायेगा। कोल विकास प्राधिकरण भोपाल के माध्यम से आपने क्या क्या काम कराए की वो भी राशि रैली या सामान्य क्षेत्र में खर्च हो गई। शहादत दिवस के अवसर पर, माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम में कौशल्या गोटियां पूर्व मंत्री, रोशन लाल कोल, भैया लाल गोटियां, मगन सींग भूमिया, अशोक गोटियां, बाबा मोतीलाल गोटियां, अनीता गोटियां , जितेंद्र गोटियां, कमलेश यादव, अश्विनी गोटियां, जीतू यादव, गणेश कोल, संजय शर्मा, लक्ष्मी नारायण कोल, राहुल गुप्ता, राजकुमार कोल, राजेश साहू, चंद्रेश कोल आदि कार्यक्रम में शामिल हुए।

## धरती आबा शहीद बिरसा मुंडा को गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए



**जबलपुर।** गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ जबलपुर द्वारा 09 जून 2025 को अधारताल चौराहे पर धरती आबा शहीद बिरसा मुंडा के 125वें बलिदान दिवस पर संघ के पदाधिकारियों ने प्रतिमा स्थल पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। संभागीय अध्यक्ष किशोरीलाल भलावी ने समस्त आदिवासी संगठनों एवं पदाधिकारी सदस्यों से अपील की भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान से आज हमें भारत भूमि में रहने का अधिकार व जीने की शिक्षा मिली है। आदिवासियों का कुछ वर्ग उन लोगों के साथ है जो संविधान के खिलाफ हैं व आदिवासी, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग के खिलाफ हैं। आने वाले समय पर संगठन उन आदिवासियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा जो संघ परिवार के साथ हैं। श्रद्धा सुमन कार्यक्रम में किशोरी लाल भलावी, गया प्रसाद धुर्वे, उत्तम सिंह ताराम, कोमल मरकाम, अजय झारिया, विजय मरावी, प्रमिला मरावी, बाल सिंह मरावी आदि उपस्थित हुए।



# स्थायी विद्युत कनेक्शन की मांग पर विद्युत अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** वार्ड नम्बर 72 विजय नगर में रहने वाले तकरीबन 25 परिवार के सदस्यों को अब तक बिजली के स्थायी कनेक्शन नहीं मिल पाए हैं। यह सभी लोग लगभग 15 वर्षों से यहां निवास कर रहे हैं, लेकिन आज भी इन्हें टीसी कनेक्शन से बिजली उपलब्ध हो पा रही है। लम्बे संघर्ष के बाद भी जब स्थायी कनेक्शन प्राप्त नहीं हुआ, तो सभी रहवासी एकजुट होकर सहायक विद्युत अभियंता कार्यालय विजय नगर पहुंचे और स्थायी कनेक्शन की मांग को लेकर सहायक अभियंता संतोष कुमार को ज्ञापन सौंपा। क्षेत्रियजनों ने बताया कि हम लोग स्वयं के खर्च से आठ विद्युत पोल और लीड लगवा चुके हैं, बावजूद इसके अभी तक हमको बिजली विभाग द्वारा स्थायी कनेक्शन नहीं मिल पाया है। अतः विद्युत विभाग से हमारी मांग है कि शीघ्र ही स्थायी कनेक्शन प्रदान किया जाए। ज्ञापन के दौरान अंकित तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, मुकेश सिंह ठाकुर, धर्मेन्द्र झारिया, अनिल पटेल, आलोक शर्मा, शंकर गुप्ता, प्रवीन पांडे, हर्षित पांडे, सुशील पांडे, हरगोविंद वर्मा, सतीश पटेल, नरेन्द्र शर्मा सहित अनेक क्षेत्रियजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित जायसवाल का आगमन 15 को

**जबलपुर।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (मप्र, छग ० उड़सिा) रोटे अमित जयसवाल (25-26) का प्रथम संस्कारधानी आगमन 15 जून को होने जा रहा है। इस अवसर पर वे रोटरी क्लब संस्कारधानी के तत्वावधान में आयोजित मध्यप्रदेश के नव-नामित रोटरी क्लब अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्षों के प्रशिक्षण कार्यक्रम "आगाज़ - मित्रता का" का शुभारंभ करेंगे।प्रशिक्षण सत्र में रोटे अमित जयसवाल रोटरी के सात मूल उद्देश्यों — पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, युवा विकास और सामुदायिक सेवा — पर आधारित कार्य योजनाओं को साझा करेंगे।



### ब्रम्हलीन स्वामी रामचंद्रदास शास्त्री की पुण्यतिथि कल

**जबलपुर।** श्री सनातन धर्म महासभा के संस्थापक, संस्कारधानी महामंडलेश्वर स्वामी रामचंद्रदास शास्त्री की पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार 11 जून को प्रातः 10:30 से उनके श्रीविग्रह का पूजन अर्चन, संतों के प्रवचन और नरसिंह भगवान की महाआरती, प्रसाद वितरण पूज्य श्रीमद् जगदगुरू डॉ स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज व पूज्य संत महात्माओं के सानिध्य में नरसिंह मंदिर शास्त्रीब्रिज में किया जाएगा। श्री सनातन धर्म महासभा जबलपुर ने भक्तों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### डॉ. आम्बेडकर जनसेवा पार्टी की सभा 15 को

**जबलपुर।** डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर जनसेवा पार्टी के अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी ने बताया कि 15 जून को मध्यान्ह 12.30 बजे से बादशाह हलवाई मंदिर के पास रामसिपाही सेठ के निवास पर पार्टी की सभा आयोजित है। सभा के मुख्य अतिथि मोतीलाल साधु होंगे, अध्यक्षता प्रेम अहिरवार करेंगे। सभा में कार्यक्रम एवं समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। संस्था के रामसिपाही सेठ, मोतीलाल साधु, दिनेश अहिरवार, प्रेमलाल अहिरवार, रवि चौधरी, राकेश चौधरी, विनोद गौतम, सतीश परौचे, संतोष निडार, कोमल सेठ, दुर्गा देवी, मुकेश बागड़ा, तुलसीराम चौधरी, श्यामलाल चौधरी, लखन खरे, ओमनाथ, गनेश प्रसाद चौधरी, सियाबाई, मीनाबाई, रामबाई, सीताबाई, रामकली, चंदाबाई, नरबद बाई, लक्ष्मीबाई, श्यामाबाई सहित अन्य ने सभा में उपस्थिति की अपील की है।

# नीतू का जीवन हुआ रोशन

जबलपुर।

पुलिस लाइन जबलपुर निवासी 39 वर्षीया नीतू रजक जो बचपन से नहीं देख पा रही थीं, उनकी दाहिनी आँख जो जन्म से बनी ही नहीं थी और बायीं आँख अल्प विकसित थी जिसमें आँख की पुतली आधी बनी थी, लेंस अपनी जगह से हिला हुआ था और रेटिना अर्धविकसित था, कई वर्षों से अंधकारमय जीवन व्यतीत कर रही थीं और कई नेत्र अस्पतालों में अपना नेत्र परीक्षण करा चुकी थीं। जनज्योति सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल, गोल बाजार में डॉ. पवन



स्थापक द्वारा माइक्रो इंसीजन तकनीक के द्वारा अल्पविकसित आँख की पुतली में पहले उनके आँख के लेंस को एक रिंग के द्वारा निश्चित स्थान पर स्थापित किया गया, अत्याधुनिक शल्य चिकित्सा के माध्यम से आँख के लेंस को रिंग सपोर्टेड कैप्सूल में प्रत्यारोपित किया गया, ऐसी आंखों में नेत्र लेंस प्रत्यारोपण एक जटिल प्रक्रिया होती है, आमतौर पर इस तरह के जटिल ऑपरेशन के लिए मरीज चेन्नई का रुख करते थे। इतनी अल्पविकसित आँख में अगले ही दिन से नीतू रजक को दिखना शुरू हो गया और अब वो अपने दैनिक कार्य कर पा रही हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं के अभाव में अभी तक इस तरह के जटिल रोग वाले मरीजों को दृष्टि दे पाना मुश्किल था।

# राज्यमंत्री को सौंपी एफआईआर दर्ज नहीं करने की शिकायत

**जबलपुर।** रविदास समाज ने राज्यमंत्री गौतम टेटवाल को ज्ञापन सौंपकर बताया कि सुनील चौधरी एवं पत्नी संगीता चौधरी के साथ की गई मारपीट की थाना विजय नगर जबलपुर में तीन माह बीत जाने के बाद भी आज तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई। बाबाटोला निवासी आवेदक सुनील चौधरी पत्नी संगीता चौधरी ने बताया कि वे कृषि उपज मंडी में बोझा ढोने का काम करते हैं। सुनील ने बताया 13.03.2025 को मैं अपने काम पर था तब सुबह 07 बजे मंडी का ही सब्जी विक्रेता राजू गुप्ता एवं अजीत साहू व अन्य मुझे पकड़कर अपनी दुकान ले गए जहां पहले से ही बाबाटोला निवासी पूनम चौधरी मौजूद रही, जिसने गलत अफवाह फैलाकर पति को भड़काने का आरोप लगाया, जबकि मैंने उसके पति



से किसी प्रकार की चर्चा नहीं की थी। उक्त बात को लेकर राजू गुप्ता एवं अजीत साहू ने मेरे साथ जातिगत अपमानित करते हुए मारपीट की, जिससे मेरे हाथ, पैर, पीठ में गंभीर चोटें आई, मेरे परिवार के लोग मुझे थाना विजयनगर शिकायत दर्ज कराने ले गए, लेकिन मेरी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। मेरे द्वारा सीएम हेल्पलाइन, अन्य उच्च अधिकारियों को लगातार शिकायत दी गई लेकिन आरोपियों के विरुद्ध अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। उक्त शिकायत पर राज्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। इस अवसर पर रविदास समाज के राजेंद्र चौधरी, मनोज मास्टर, पंकज, प्रवीण चौधरी, अशोक रोहतास, विकास चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, अशोक चौधरी, अंकुश चौधरी, विक्रम चौधरी सहित बड़ी संख्या पदाधिकारी उपस्थित रहे।




# मानव अधिकार अपराध नियंत्रण संगठन की मांग हुई पूरी

**जबलपुर।** 7 जुलाई 2022 को रेल मंत्री से माँग की गई थी कि जबलपुर से रायपुर व्हया गोंदिया ट्रेन शुरू की जाए जिसे शासन द्वारा स्वीकृति दे दी गई है, रेल मंत्रालय का आभार मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण की पूरी टीम ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष ), एड. रोशन मंध्यानी, एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक जैन, एड. अंकित मिश्रा, डॉ. अभिजीत जैन, डॉ. आनंद बहरानी, डॉ. प्रशांत जैन, डॉ. अश्विनी पाठक, डॉ. ऋषि उपाध्याय, एड. आशुतोष चतुर्वेदी, कमरूल इस्लाम ख़ान और अन्य सभी सदस्यों ने आभार व्यक्त किया।

# पीएमसी का विखंडन बर्दाश्त नहीं

## लिखित आश्वासन के उल्लंघन पर 5 संगठनों ने दी चेतावनी

**जबलपुर।** जबलपुर से बिजली कंपनियों के मुख्यालय तथा कार्यालय बाहर शिफ्ट नहीं किए जायेंगे, यह बिजली कंपनी के प्रबंध संचालकों के द्वारा आश्वासन देने के बावजूद भी होल्डिंग कंपनी पावर मैनेजमेंट कंपनी (पीएमसी) के कार्यालयों को जबलपुर के बाहर शिफ्ट करने को प्रस्तावित करना, यह विश्वासघात है।

इस स्थिति को चिंताजनक बताते हुए नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन, महिला समिति, सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन तथा पेंशनर्स समाज ने पीएमसी के प्रबंध संचालक राजीव गुप्ता के उस कथन पर आपत्ति जताई जिसमें उन्होंने कहा है कि इडिपेंडेंट पावर प्रोडयूसर अनुभाग को भोपाल शिफ्ट होने से कोई असर पड़ेगा नहीं।

जन संगठनों ने कहा है कि इस कथन से विद्युत कंपनियों के अधिकारियों की मानसिकता स्पष्ट होती है कि जबलपुर का महत्व घटाकर कार्यालयों को भोपाल शिफ्ट किया जाए।

डॉ पीजी नाजपांडे ने राजीव गुप्ता सीजीएम को याद दिलाई कि जब विद्युत वितरण कंपनियों तथा ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यालय बाहर शिफ्ट किए जाने का विरोध किया था तब पीएमसी, वितरण कंपनी तथा ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालकों ने लिखित आश्वासन दिया था कि जबलपुर से न तो कोई कार्यालय न ही मुख्यालय शिफ्ट किया जाएगा, लेकिन अब इस लिखित आश्वासन का पूर्णतः उल्लंघन किया जा रहा है।

### जबलपुर का महत्व घटाने की साजिश

जन संगठनों ने बैठक कर आरोप लगाया कि जबलपुर से कार्यालय शिफ्ट करने की साजिश हो रही है तथा इससे जबलपुर का महत्व घट जायेगा, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभिन्न संगठनों के रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, टीके रायघटक, डीके सिंह, सुशीला कनौजिया, गीता पाण्डेय, सुभाष चंद्रा, डीआर लखेरा, पीएस राजपूत, संतोष श्रीवास्तव, हरजीवन विश्वकर्मा आदि ने कहा है कि इस तरह से जबलपुर के महत्व को घटाने की साजिश को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# मैथिली ब्राह्मण समाज ने सुहागलें का आयोजन किया

**जबलपुर।** होटल श्रद्धाली में मैथिली ब्राह्मण समाज के द्वारा सुहागल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मैथिली ब्राह्मण सभा की विभा पाठक, उषा झा, सोना झा, वैशाली शर्मा, वंदना झा, प्रावीणा शर्मा, संगीता झा, शालिनी झा आदि महिलाएं उपस्थित थीं। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं संयोजक नीरज पाठक, संतोष झा, राजेश शर्मा, शिवेंद्र शर्मा, अनूप शर्मा द्वारा यह भव्य एवं सफलतापूर्वक सुहागले कार्यक्रम आयोजित किया गया।




# जिला स्तरीय ताइक्वांडो एवं जु-जित्सु प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**राजकुमार यादव ने फीता काटकर किया शुभारंभ**

**जबलपुर।** राष्ट्रीय खिलाड़ी तेजेन्द्र सिंह मसराम की स्मृति में आयोजित जिला स्तरीय ताइक्वांडो एवं जु-जित्सु प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ऑफ इंडिया के संस्थापक राजकुमार यादव, प्राचार्या आदित्य कांवेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जबलपुर, शिवानी बेन, महासचिव जबलपुर ताइक्वांडो यूनियन, जु-जित्सु संघ जबलपुर महासचिव जयराज चौधरी, संयुक्त सचिव शशांक सिंह ठाकुर ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर संस्था संस्थापक राजकुमार यादव ने बताया कि ग्रीष्मकालीन जिला स्तरीय ताइक्वांडो एवं जु-जित्सु प्रतियोगिता 2025 का आयोजन रॉक फोर्ड सोफ्टसोल कम्प्यूटर एकेडमी महानद्दा मदन महल जबलपुर में किया गया जिसमें मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ऑफ इंडिया की शाखा मदन महल, शाखा बिलहरी, शाखा बिलहरी, शाखा बरेला, शाखा मेडिकल, गढ़ा मार्शल आर्ट एकेडमी, पनागर मार्शल आर्ट एकेडमी के खिलाड़ियों से लगभग 135 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल में की भूमिका शिवानी बेन, जयराज चौधरी, शशांक सिंह ठाकुर, मानवराज यादव, कामाक्षा पटेल, मोहित यादव, दीपा रघुवंशी निभाएंगे। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी दिनों 13 जून से 15 जून तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि जुजित्सु मार्शल आर्ट खेल भारत सरकार खेल मंत्रालय एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा मान्यता प्राप्त खेल है। मध्य प्रदेश के खेलों की अधिकृत सूची में भी शामिल है तथा पदक विजेता खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति देने का भी प्रावधान है। जुजित्सु खेल एशियाई खेल, एशियाई गेम्स, एशियन बीच गेम्स, वर्ल्ड गेम्स, वर्ल्ड पुलिस गेम्स जैसी अनेक बड़ी प्रतिस्पर्धा में भी शामिल है तथा मध्य प्रदेश शासन द्वारा इस खेल में विक्रम अवार्ड तथा एकलव्य अवार्ड, विश्वामित्र अवार्ड भी दिए जाते हैं।

# पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी की नई पहल लॉंच किया वी-मित्र ऐप : ऊर्जा मंत्री तोमर

## अब उपभोक्ता खुद कर सकेंगे विद्युत अनियमितता की शिकायत

**जबलपुर।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने एक अभिनव मोबाइल एप्लीकेशन 'विद्युत मित्र (V-Mitra)' विकसित किया है। यह ऐप कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट और गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। V मित्र ऐप के माध्यम से आमजन अब स्वयं बिजली चोरी, मीटर में छेड़छाड़, अवैध विद्युत कनेक्शन, अवैध पॉवर एक्सटेंशन, एक ही स्थान पर एक से अधिक बिजली कनेक्शन, बिजली कनेक्शन का अवैध रूप से विस्तार एवं अधिक लोड का इस्तेमाल करने वालों की शिकायत कर सकेंगे और की गई शिकायतों की लाइव मॉनिटरिंग भी कर सकेंगे। V मित्र ऐप "जनता का ऑडिट, जनता के द्वारा, जनता के लिए" के सिद्धांत पर काम करता है ।V मित्र ऐप को गूगल प्ले स्टोर में जाकर आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। जिस बिजली उपभोक्ता की शिकायत की जाना है, उस उपभोक्ता का IVRS नंबर दर्ज करना होगा और फिर की जा रही अनियमितता चुनाव करते हुए फोटो अपलोड कर रिपोर्ट सबमिट करना होगा। यदि IVRS नंबर उपलब्ध नहीं है, तो ऐप स्वचलित रूप से उपयोगकर्ता के वर्तमान स्थान की GPS लोकेशन कैप्चर करेगा। यहां भी फोटो अपलोड करनी होगी।

शिकायतकर्ता की शिकायत पर कंपनी की सतर्कता जाँच टीम संबंधित स्थल पर पहुँचकर जाँच करेगी। शिकायत सही पाये जाने पर इनाम की राशि सीधे शिकायतकर्ता द्वारा लिंक किये गये बैंक अकाउंट में ट्रांसफर की जायेगी, जो अधिकतम 50 हजार रुपये तक हो सकती है।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS ADITYA NAIDU I, HAVE CHANGED THE SPELLING OF MY FIRST NAME AND HENCEFORTH, I SHALL BE KNOWN AS AADITYA NAIDU S/O DEEPAK NAIDU RESIDENT OF H.NO. 995,VIVEKANAND WARD, YADAV COLONY, (M. P.) 482001

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्र. 11/25-26/ दिनांक 16-04-2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजू मलिक पिता स्व. श्री बंशीलाल मलिक ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं.-35 बिजली ऑफिस के पास बिलहरी सम्पत्ति पिन क्रमांक 1000379973 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 1035 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 400 वर्गफुट कच्चा विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमति जरीना बेगम पति स्व. मुहम्मद हनीफ का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05 , नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र./सं.अधि./सं.क्र.5/2025-26/17
दिनांक:- 05/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री चोखेलाल अहिरवार पिता प्रकाश अहिरवार ने भवन क्र. 453 वार्ड महात्मागांधी भूतल 1100 आ. शपथ पत्र माननीय न्यायालय के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 453 पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी श्री मटरू मोची पिता सेवाराम मोची भवन क्र. 453 पिन नं. 1000369128 /41000184 पर जिस किसी को भी उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं. 05
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्र. 11/25-26/ दिनांक 09-06-2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति रोशनी निखिल सिंह पति श्री निखिल सिंह ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं.-92 पानी की टंकी के पास तिलहरी सम्पत्ति पिन क्रमांक 1003267378 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 1321 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री हेमन्त कुमार मूलचंदानी पिता श्री परसराम मूलचंदानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर